मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर का लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

- 25 सितंबर, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर में मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर सांस्कृतिक एवं वैचारिक आदान-प्रदान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
- मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर, कला संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन की दिशा में सुनहरे आयाम स्थापित करने के साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के माध्यम से देश-दुनिया में जोधपुर को गौरव प्रदान करने वाला सिद्ध होगा।
- 65000 वर्गमीटर भूमि पर निर्मित इस ऑडिटोरियम की बैठक क्षमता 1350 व्यक्तियों (1036 व्यक्ति भूतल एवं 314 बालकनी) की होगी। कलाकारों के लिये दो डोरमेट्री एवं 25-25 क्षमता के दो ग्रीन रूम एवं दो बेंकेट लॉन व एग्जिबिशन सेंटर (प्रत्येक का क्षेत्रफल 5820 वर्गमीटर), राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार एवं कॉन्फ्रेंस आयोजित करने हेतु दो सेमिनार हॉल (प्रत्येक की क्षमता 64 व्यक्ति) तथा दो कॉन्फ्रेन्स हॉल भी है।
- इसमें कल्चरल सेंटर भी बनाया गया है, जिसमें आर्ट, फोटोग्राफी गैलरी, लाईब्रेरी, पेंटिंग स्टूडियो एवं एक वीआईपी लॉज आदि स्थित हैं। ऑडिटोरियम के बेसमेंट एवं ऑपन स्पेस में कुल 582 कार, 505 दोपहिया वाहन एवं 8 बसों की पार्किंग की व्यवस्था है।
- आगंतुकों के लिये दो रेस्टोरेंट (प्रत्येक की क्षमता 72 व्यक्ति) के निर्माण का प्रावधान भी कल्चरल सेंटर के समीप रखा गया है। इसके साथ ही आगंतुकों के लिये 14 गेस्ट रूम का निर्माण भी करवाया जा रहा है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-marwar-international-centre